प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का किया उद्घाटन : साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूल किट और चेक प्रदान किये।

2. मुख्यमंत्री ने उन्नाव मे 804 करोड रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।

3. संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच हुआ समझौता : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा– श्रीराम मंदिर से जुड़ी दुर्लभ सामग्री को इस न्यास के द्वारा किया जायेगा संरक्षित।

और

4. प्रदेश भर में आज से मिशन इंद्रधनुष 'फाइव प्वाइंट ओ' के तीसरे चरण की हुई शुरूआत : गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष तक के बच्चों को लगाये जा रहे हैं टीके।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही जनपद में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कालीन उत्पादों का अवलोकन करते हुए विभिन्न योजनाओं क लाभार्थियों को टूल किट और चेक प्रदान किये, साथ ही बुनकरों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया को जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के साथ आगे बढ़ाने का जो दूरदर्शी लक्ष्य प्रस्तुत किया है, उसे भारतीय कालीन उद्योग तेजी से आगे बढ़ाने में अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने उत्तर प्रदेश के निर्यात को केवल चार वर्षों में ही लगभग 250 गुना बढ़ाने में मदद की है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश मे लगभग बीस लाख बुनकर है, जो इस पेशे के साथ जुड़े हुए है और उन लोगों के कारण आज उत्तर प्रदेश मे जब हम लोगों ने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट की योजना चलाई थी अकेले भदोही जनपद से 1550 कारीगरों के प्रशिक्षण और उन्हें टूलकिट उपलब्ध करवाने का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें उपलब्ध कराया। और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के माध्यम से भी जहाँ इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य गया, वही यहाँ के प्रोडक्ट को एक्सपोर्ट करने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर भी उन्हे लगातार सहयोग किया जा रहा है और इसमें जो 60 फीसदी एक्सपोर्ट होता है वह उ. प्र. के तीन जनपदो भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी के हमारेकारीगरों के द्वारा निर्मित कॉपरेट का होता है।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव जिले के डौंडिया खेड़ा में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव राम बख्श सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने राजा राव राम बख्श सिंह के देश के प्रति उनकी सेवाओं को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री योगी ने जनपद की आठ सौ चार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी

किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बाइट...

*आज इस जनपद को 804 करोड़ रूपये की परियोजनाओं की सौगात प्राप्त हुई है। यह सड़क की भी है, बिजली की है, पानी की है, स्वास्थ्य की है, शिक्षा की है, बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हुई योजनाएं हैं और यह सभी योजनाओं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगी तो उन्नाव विकास के नये पथ की ओर अग्रसर होगा। आज उन्नाव जनपद विकास के नये मार्ग पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट इसका उदाहरण है। पहली बार बड़े पैमाने पर निवेश की संभावना भी उन्नाव जनपद में बनी है।*

————————————

अयोध्या में स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को, श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को सौंपा जायेगा। इस संबंध में आज प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस अवसर पर पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और महासचिव चंपत राय भी मौजूद रहे।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी में भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों, संरचनाओं तथा उत्खनन से प्राप्त विभिन्न अवशेषों को पूरे विश्व समुदाय के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में इस वर्ष दीपोत्सव को भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा।

पिछले वर्ष के साढ़े सत्रह लाख दिये जलाने का अपना रिकॉर्ड ताड़त हुए 21 लाख दीये जलाये जायेंगे। बाइट....

*श्रीराम जन्मभूमि न्यास उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के बीच में व अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय जो संस्कृति विभाग का है उसको हम लोगों ने श्रीराम जन्मभूमि न्यास को सौंपने का काम किया है। जिसमें भगवान श्रीराम और भगवान श्रीराम के अयोध्या के मंदिर के बारे में और अन्य जो भी हमारी अमूल्य धरोहरें हैं उनको संरक्षित, सुरक्षित रखते हुए उसको डिजिटली भी प्रदर्शित करने का काम होगा। देश और दुनिया के लिए वह एक अनोखा संग्रहालय होगा, जिसका रख–रखाव संरक्षण और संवर्धन का काम न्यास के द्वारा किया जायेगा और यह समझौता आज हो गया है।*

————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने कहा है कि आज देश में 9 हजार 827 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित हैं। इस योजना से लोगों को सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री बघेल कल आगरा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगरा में इस योजना के तहत संचालित अमत फार्मेसी खोलने की अभी और आवश्यकता है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की कीमती दवाइयों को 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर लोगों को उपलब्ध कराती है।

————————————

प्रदेश भर में आज से मिशन इंद्रधनुष 'फाइव प्वाइंट ओ' के तीसरे चरण की शुरूआत की गई। इसके तहत गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष तक बच्चों के छूटे हुए

सभी टीके लगाये जा रहे हैं। यह अभियान 14 अक्टूबर तक चलेगा। वाराणसो, बलिया, मऊ, इटावा, मुरादाबाद सहित विभिन्न जिलों में नगरीय सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं को पोलिया ड्रॉप पिलाई गई। कई केन्द्रों पर बच्चों को टीके भी लगाये गये।

————————

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आज लखनऊ में, उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मायावती ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में  लिखा कि कांशीराम के संघर्ष से यूपी में बीएसपी की चार बार सरकार बनी और यहां सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की मजबूत नींव पड़ी।

उधर प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर समाज के शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए दलित गौरव यात्रा निकाली गई, जिसे प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह यात्रा संविधान दिवस 26 नवम्बर तक चलेगी।

————————

आज विश्व डाक दिवस मनाया गया। आज से 13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्व डाक दिवस की इस वर्ष की थीम– टू गेदर

फार ट्रस्ट है। इस उपलक्ष्य में 35 वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कल 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक लखनऊ में किया जायेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न भार वर्गों में फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्तियों की प्रतियोगिताएं होंगी। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 11 प्रदेशों के डॉक परिमंडलों की टीमों सहित 95 प्रतिभागी भाग लेंगे।

——————————

आजादी के अमृत महोत्सव के मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज वाराणसी और लखीमपुर खीरी में विभिन्न गांवों से अमृत कलशों को एकत्रित कर ब्लॉक मुख्यालय में स्थापित किया गया। इस अवसर पर जन–प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुये। लखीमपुर खीरी में भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। बलिया के चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अमृत कलश में मिट्टी भरी। इस मिट्टी को संस्कृति मंत्रालय को सौंपा जाएगा।

——————————

वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण अधिनियम की खुशी में आज धन्यवाद मार्च निकाला। यह मार्च सर्किट हाउस से शुरू होकर कचहरी तक गया। धन्यवाद मार्च का नेतृत्व कर रहीं मुमताज बानो ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम के बाद महिलाओं का विधानसभा और संसद में प्रतिनिधित्व बढ़ेगा जिससे वे अपने मुद्दों को और जोर–शोर से उठा सकेंगी।

———————————